तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 4 जून 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 सुशासन शिविर में आवेदनः शराब दुकानों से कथित रुप से कोचियों ...



11 नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर ...



## खबर संक्षेप

### संगीतमय भागवत कथा का आरोजन 7 जून से

**थान खम्हरिया।** नगर के वार्ड क्रमांक 02 स्थित रामचंद्र सागरमल धर्मशाला मे नगरवासीयो द्वारा संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन रखा गया है जिसमे 07 जून से कलश यात्रा,वेदी पूजा तथा गौकर्ण कथा के साथ प्रारंभ होने जा रही है। कथा वाचक होंगे पं.अक्षय नारायण जी महराज थान खम्हरिया,कथा दोपहर 03 बजे से प्रारंभ होगी,श्रीमद्भागवत कथा का समापन 15 जून को गीतापाठ, तुलसी वर्षा व पूर्ण आहूती के साथ होगा।

### विकासखण्ड नवागढ़ के ग्राम पंचायत खेड़ा में समाधान शिविर आज

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज 04 जून जनपद पंचायत नवागढ़ के ग्राम पंचायत खेड़ा के शास. हाई स्कूल मैदान में समाधान शिविर आयोजित किया गया है। ग्राम खेड़ा कलस्टर में ग्राम खटई, तेन्दुआ, मुडपार, बोटेबोड़, बेवरा, खेडा, संबलपुर, बेलटुकरी, गनियारी, अमोरा, मेहना, घोरहा, पुटपुरा, बुंदेला, बिनैका, गिधवा, नगधा, धनौरा, कंवराकांपा, गोढ़ीकला, नेउर, रूसे, रमपुरा ग्राम पंचायत के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। शिविर का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे निर्धारित किया गया है। समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं से पात्र अनेक हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। शिविर में प्राप्त आवेदनों का यथासंभव निराकरण किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे। शिविर में शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं, सेवाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने ग्रामीण जनों को शिविर में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

### अधेड़ की हत्या, संदिग्ध लोगों को लिया हिरासत में

**भिलाई।** अधेड़ की हत्या कर लाश को छोड़कर फरार होने का मामला सामने आया है। घटना भिलाई-3 थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि ग्राम रिंगनी स्थित फार्म हाउस में नीलकंठ नामक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिला है। घटना स्थल में मिलने साक्ष्य के मुताबिक नीलकंठ की हत्या की गई होगी। नीलकंठ और उसकी पत्नी का विवाद घटना की रात हुआ था। इसके बाद नीलकंठ की लाश मिली है। पुलिस संदेहियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक नीलकंठ नशा का आदी था। उक्त फार्म हाउस में काम करता था। सीएसपी छावनी ने बताया कि शव का पीएम के बाद ही हत्या या अन्य कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए मरच्यूरी में रखा गया है। बताया जा रहा है कि विवाद में अन्य कई लोगों का नाम भी सामने आ रहा है। पुलिस फार्म हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। अब तक आरोपियों के बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल पाई है। संदिग्धों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर ठगी करने वाला पकड़ा गया

**भिलाई।** शेयर मार्केट में इंवेस्ट करने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि न्यु राजेन्द्र नगर अमलीडीह रायपुर निवासी दीपक गाडगे, सेक्टर 6 पीपी राव ने शिकायत किया था। जिसमें पुरानी बस्ती सुपेला निवासी टोमन दास साहू द्वारा शेयर मार्केट में पैसा इंवेस्टमेंट कर लाभ कमाने का प्रलोभन दिया। इस दौरान दीपक गाडगे से अलग अलग कर 23 लाख, भीष्म महिलांग 15 लाख रूपया, पीपी राव 10 लाख रूपया लेकर ठगी किया।

# 15 दिनों से नहीं पहुंच रही मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की बस, मरीज परेशान

## निजी अस्पतालों और चिकित्सकों के पास जाने के लिए लोग मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित स्वास्थ्य बस विगत लगभग 15 दिनों से नगर में नहीं पहुंच रही है। इससे गरीब, जरूरतमंद एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित यह बस वर्षों से लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। बस में स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकीय परामर्श एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण किया जाता है, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिलता रहा है। पिछले दो सप्ताह से बस के नहीं आने के कारण मरीजों को निजी अस्पतालों और चिकित्सकों के पास जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों एवं नगर वासियों ने शासन-प्रशासन से स्वास्थ्य बस की सेवा शीघ्र प्रारंभ कराने की मांग की है। उनका कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार इस योजना पर काफी हद तक निर्भर हैं।



### बस का मेंटेनेंस कार्य चल रहाः डा. शर्मा

इस संबंध में डॉ. विनय शर्मा ने बताया कि स्वास्थ्य बस में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण उसे मरम्मत के लिए रायपुर भेजा गया है। बस का मेंटेनेंस कार्य चल रहा है और आगामी दो दिनों में इसे पुनः संचालित कर दिया जाएगा।

## जन-समस्याओं का हुआ त्वरित निराकरण, बैहरसरी में आयोजित समाधान शिविर में उमड़ा जनसैलाब

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली और तरक्की लाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री दयाल दास बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल की अगुवाई में विकासखंड नवागढ़ के ग्राम पंचायत बैहरसरी में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं, जिनमें से अनेक प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री बघेल ने कहा कि राज्य के प्रत्येक नागरिक के जीवन में खुशहाली लाना और उन्हें तरक्की के अवसर उपलब्ध कराना शासन की मुख्य प्राथमिकता है।

- ग्रामवासियों की मांग पर तालाब में पचरी निर्माण हेतु 6 लाख रुपये की घोषणा

उन्होंने कहा कि विकास की किरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही सरकार का संकल्प है। मंत्री श्री बघेल ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आम जनता से जुड़े विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। मंत्री बघेल ने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास एवं रोजगार, किसानों की आय वृद्धि तथा कमजोर वर्गों के सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी करें, ताकि पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिल सके और शासन की योजनाओं का प्रभाव सीधे नागरिकों तक पहुंचे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आम जनता की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने तथा प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा केवल योजनाएं संचालित करना नहीं, बल्कि उन योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाना है।



**जन-सुनवाई में समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देशः** समाधान शिविर के दौरान मंत्री श्री बघेल ने स्वयं ग्रामीणों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, आवास, पेयजल, सड़क, पेंशन तथा विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। कई प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही किया गया, जिससे ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया।

### विभिन्न योजनाओं से हितग्राही हुए लाभान्वित

शिविर में ग्रामवासियों की मांग पर तालाब में पचरी निर्माण कार्य हेतु 6 लाख रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की गई। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों के माध्यम से नागरिकों को शासन की योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिया गया। शिविर में 3 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना, 4 हितग्राहियों को ऋण पुस्तिका, 6 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 4 हितग्राहियों को निक्षय पोषण किट तथा 7 बालिकाओं को नोनी सुरक्षा योजना एवं सुकन्या समृद्धि योजना से लाभान्वित किया गया। इसके अतिरिक्त अनेक नागरिकों को विभिन्न प्रमाण-पत्र, पंजीयन एवं अन्य सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष हेमा दिवाकर, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# हरी सब्जी गाड़ियों की टाइमिंग जिंदगी से ज्यादा महंगी, हादसे में फिर एक ड्राइवर की चली गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

हरी सब्जी गाड़ियों की टाइमिंग जान से ज्यादा महंगी होती है। हरी सब्जी को एक जगह से दूसरी जगह एक निश्चित टाइमिंग के भीतर पहुंचना होता है । जिससे हरी सब्जी बिना खराब हुए ताजी अवस्था में दूसरी मंडी में बिक सके, और उपभोक्ताओं के घर तक पहुंच सके । इसके लिए वाहन चालकों को बाकायदा इनाम की घोषणा होती है। जिसे पाने के चक्कर में आए दिन हादसे भी होते जाते हैं और जान माल का नुकसान होता है सो अलग। टाइमिंग के चक्कर में एक ड्राइवर की फिर जान चली गई है।

- खड़े ट्रक से भिड़ी पिकअप, परखच्चे उड़े, एक सवार फंसा

जानकारी के अनुसार कल महिंद्रा पिकअप क्र सीजी 04 क्यू बी 3291 का चालक शुभम सागर उम्र 23 वर्ष पिता सुनील सागर वार्ड नंबर 15 अंबेडकर वार्ड आरंग, अपने साथी भागवत यादव पिता पवन यादव उम्र 30 वर्ष वार्ड नंबर 14 इंदिरा चौक आरंग अंबिकापुर से हरी मिर्च भरकर तड़के रायपुर मंडी पहुंचने के लिए निकले थे। रास्ते में दिनभर की गर्मी और थकान से चूर बदन ने साथ नहीं दिया ।

तो साथी भागवत यादव को स्टेरिंग थमा कर सो गया। कुछ किलोमीटर चलने के बाद उस पर भी नींद हावी हो गई और चलती गाड़ी में उसकी आंख लग गई। नतीजा, गाड़ी सड़क से उतरकर गोस्वामी ढाबा खैरा में खड़े ट्रक क्र सीजी 10 बी आर 0860 से जा भिड़ी । पिकअप की खतरनाक स्पीड का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उसके पखच्चे तो उड़े ही उड़े, खड़े ट्रक के पीछे का एक्सल भी टूट गया । गाड़ी चला रहे भागवत की किस्मत ठीक थी जो इतने बड़े एक्सीडेंट के बाद भी लगभग सुरक्षित बच गया लेकिन उसके साथी शुभम सागर के साइड से दुर्घटना होने के कारण वह क्षतिग्रस्त गाड़ी में ही ▶▶| शेष पेज 11 पर

# उर्स के संदल जुलूस में डीजे वाहनों पर पुलिस कार्रवाई आधी रात तक चला हंगामा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/थान खम्हरिया

नगर में आयोजित हजरत निजामुद्दीन औलिया के दो दिवसीय उर्स के दौरान संदल जुलूस में शामिल डीजे वाहनों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद सोमवार देर रात माहौल तनावपूर्ण हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के चेयरमैन एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त डॉ. सलीम राज की उपस्थिति में पुलिस ने कोला हल अधिनियम के तहत तीन वाहनों को जब्त किया, जिसके विरोध में बड़ी संख्या में युवक थाने के सामने एकत्र होकर शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जानकारी के अनुसार, एकता उर्स पाक कमेटी के तत्वावधान में आयोजित उर्स कार्यक्रम में कव्वाली के साथ चादरपोशी एवं संदल जुलूस का आयोजन किया गया था। जुलूस में शामिल कुछ धूमाल वाहनों में डीजे साउंड सिस्टम लगाए गए थे। इसी दौरान रात करीब 12 बजे पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वाहन क्रमांक सीजी 07 सीएच 0940, सीजी 07 सीटी 3749 एवं एमएच 31 एफसी 8624 को जब्त कर लिया। ▶▶| शेष पेज 11 पर

- वक्फ बोर्ड चेयरमैन डॉ. सलीम राज की मौजूदगी में तीन वाहन जब्त

### वक्फ बोर्ड के पत्र के बाद हुई कार्रवाई

बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड ने 25 मई को प्रदेश के सभी संभागायुक्तों, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को पत्र जारी कर दरगाहों, उर्सों एवं धार्मिक आयोजनों में डीजे, नाच-गाना, धूमाल और अन्य गैर-शरई गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। यह पत्र एक मुस्लिम संगठन द्वारा की गई शिकायत के संदर्भ में जारी किया गया था। वक्फ बोर्ड का कहना है कि ऐसी गतिविधियां इस्लामी शिक्षाओं और धार्मिक परंपराओं के अनुरूप नहीं हैं तथा सामाजिक समरसता और शांतिपूर्ण वातावरण को प्रभावित करती हैं।

### गलत परंपरा समाज को कमजोर कर रही

डीजे, गाना-बजाना तथा नाचना कुरान और हदीस के खिलाफ है। यह गलत परंपरा समाज को कमजोर कर रही है। हम चाहते हैं कि प्रदेश में सामाजिक समरसता, भाईचारा और अमन-शांति का वातावरण बने। दरगाहों, उर्सों और धार्मिक जलसों में डीजे, धूमाल और नाच-गाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

\- डॉ. सलीम राज, चेयरमैन, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड

# समितियों में खाद-बीज का अग्रिम उठाव एवं नगदी ऋण वितरण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बैंक के कार्यक्षेत्र अंतर्गत आने वाले दुर्ग, बालोद एवं बेमेतरा जिले की 67 कृषि शाखाओं से संबद्ध 311 प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ वर्ष 2026 के लिए खाद, बीज एवं नगदी ऋण वितरण का कार्य सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया गया है, जिससे किसान अग्रिम रूप से खाद-बीज का उठाव कर रहे हैं। बैंक प्रबंधन ने बताया कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत किसान समितियों से खाद एवं बीज प्राप्त कर रहे हैं। खरीफ सीजन की तैयारियों के तहत समितियों में कृषि आदानों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा किसानों की आवश्यक ताओं के अनुरूप नगदी ऋण वितरण भी लगातार जारी है।

- किसानों को नहीं हो रही किसी प्रकार की परेशानी



जारी बयान में कहा गया है कि समितियों में खाद एवं बीज के भंडारण तथा वितरण की नियमित समीक्षा उप संचालक कृषि एवं बैंक के अधिकारियों ▶▶| शेष पेज 11 पर

# आज प्री-डीएलएड परीक्षा, जिले के 15 केंद्रों में 3999 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) द्वारा आयोजित प्री-डीएलएड प्रवेश परीक्षा आज 4 जून जिले के 15 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा में जिले के कुल 3999 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

- व्यापम ने जारी किए कड़े दिशा-निर्देश, परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पहले बंद हो जाएगा केंद्र का मुख्य द्वार

परीक्षा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक निर्धारित किया गया है। जिला समन्वयक एवं शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा के वरिष्ठ प्राध्यापक डी.आर. साहू ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पहले अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र में पहुंचना अनिवार्य होगा, ताकि पहचान सत्यापन एवं फ्रिस्किंग की प्रक्रिया पूरी की जा सके। जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में शासकीय पं. जवाहरलाल नेहरू शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा, शासकीय लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेजेस हिन्दी माध्यम विद्यालय, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल, सेजेस शिवलाल राठी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावा मोहतरा, पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा-कुसमी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरी, बारगांव, जेवरा, कठिया रांका, प्रेरणा विद्यालय कठिया, शासकीय हाईस्कूल लोलेसरा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा शामिल हैं।




### पहचान पत्र लाना अनिवार्य

परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग ▶▶| शेष पेज 11 पर

## रायपुर में आयोजित काव्य महाकुंभ में हुआ सम्मान

# सुग्घर साहित्य समिति के चार रचनाकारों को मिला शब्द शिखर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था वक्ता मंच के तत्वावधान में राजधानी रायपुर के वृंदावन सभागार में आयोजित काव्य महाकुंभ/" कार्यक्रम में प्रदेश के 151 रचनाकारों को /"शब्द शिखर सम्मान/" से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बेमेतरा जिले की सुग्घर साहित्य समिति, बेरला के चार साहित्यकारों को भी उनकी उत्कृष्ट साहित्यिक साधना, रचनाधर्मिता एवं नैतिक मूल्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में समिति के सदस्य कमलेश वर्मा, लिलेश्वर देवांगन, राजकुमार निषाद राज एवं दिलीप टिकरिहा शामिल हैं। सम्मान प्राप्त होने पर क्षेत्र के साहित्यकारों एवं साहित्य प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से नवोदित एवं वरिष्ठ रचनाकार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साहित्यकारों से खचाखच भरे सभागार में साहित्य, संस्कृति और सृजन का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ. गीतेश अमरोहित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. संयुक्ता गांधी ने की। मंच पर सुशील सन्नी अग्रवाल, राजकुमार धर द्विवेदी, पंडित पी.के. तिवारी, सीमा पाण्डेय, रूपेन्द्र कवि एवं डॉ. अजीत मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। काव्य महाकुंभ के दौरान पुस्तक विमोचन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके साथ ही उपस्थित रचनाकारों ने अपनी रचनाओं का सुमधुर काव्यपाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। साहित्यिक वातावरण से सराबोर इस आयोजन ने प्रदेश के साहित्यकारों को एक साझा मंच प्रदान किया। सम्मान प्राप्त करने वाले रचनाकारों ने इस भव्य आयोजन के लिए वक्ता मंच के अध्यक्ष राजेश पराते, संयोजक शुभम साहू तथा पूरी आयोजन समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें साधुवाद ज्ञापित किया। साहित्यकारों ने कहा कि ऐसे आयोजन नवोदित एवं वरिष्ठ रचनाकारों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करते हैं।



खबर संक्षेप

## कूलर में पानी भरते समय लगा करंट, मौत

**भिलाई।** कूलर चालू कर उसमें पानी डालने के दौरान करंट प्रवाह होने पर अधेड़ की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि कैंप-1 स्थित त्रिदशेश्वर मंदिर के पास रहने वाला संतोष कुमार यादव 49 वर्ष अपने घर का कूलर चालू कर उसमें पानी भर रहे था। अचानक करंट प्रवाह होने पर संतोष चपेट में आ गया। परिजनों ने तुरंत स्वीच ऑफ करने के बाद उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मजदूरी का काम करता था। परिजनों के मुताबिक संतोष अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। परिवार में उनकी पत्नी, तीन बेटे हैं। शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंपा गया है। पुलिस ने बताया कि हादसों में किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जांच की जा रही है। मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम के बाद जांच आगे बढ़ेगी। पंचनामा कर प्रारंभिक जानकारी ली गई है। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। मामले में पुलिस की विवेचना जारी है।

## 41 लाख के मोबाइल को पुलिस ने खोज निकाला



**भिलाई।** जिले में गुम मोबाईल को लेकर शिकायतों के बाद पुलिस ने खोजबीन कर 41 लाख रुपए के मोबाइल को बरामद कर मालिकों को सौंपा गया। वर्ष 2024-2025, 2026 के गुमे मोबाइलों सीईआईआर पोर्टल से ट्रेस कर मोबाइल खोज निकाला है। एसीसीयू की टीम ने दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, बालोद, बेमेतरा,रायपुर और दिगर राज्यों से 201 विभिन्न कंपनियों के मोबाईलों बरामद किया। पुलिस कंट्रोल सेक्टर 6 में एसएसपी विजय अग्रवाल ने मोबाइल के असली मालिको को सौंपा गया। वर्ष 2026 में यह चौथा मोबाईल वितरण कार्यक्रम है। सोशल मीडिया एकाउन्ट पर बरामद मोबाईल के नंबरों की लिस्ट अपलोड की जाएगी। मोबाईल स्वामी एसीसीयू कार्यालय सेक्टर 03 से अपना मोबाईल प्राप्त कर सकते है।

# चौहान टाउन से जुनवानी चौक तक कब्जों पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई निगम ने मंगलवार को चौहान टाउन से शासकीय शाला जुनवानी चौक तक बेजा कब्जों को हटाया। एक लंबे अरसे से इस चौक को व्यवस्थित, सुगम एवं यातायात बाधा मुक्त बनाने की मांग सामान्य सभा के दौरान पार्षदों द्वारा की जा रही थी। इसलिए निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशानुसार जोन-1 नेहरू नगर क्षेत्र अंतर्गत चौहान टाउन से शासकीय शाला जुनवानी चौक तक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध रूप से संचालित दुकानों, सड़क किनारे किए गए अस्थायी कब्जों तथा यातायात में बाधा उत्पन्न करने वाले खड़े वाहनों को हटाया गया।

## निगम की सामान्य सभा में लिया गया था अतिक्रमण हटाने का निर्णय

### सड़क दिखाई देने लगी चौड़ी

सड़क किनारे अवैध रूप से लगाए गए टीन-शेड, गुमटी, दुकान विस्तार एवं अन्य अस्थायी संरचनाओं को हटाते हुए कब्जे हटाने की कार्रवाई से क्षेत्र में सड़क चौड़ी एवं व्यवस्थित दिखाई देने लगी है। लोगों को आवागमन में काफी सहूलियतें आने लगी है। वहीं आम नागरिकों ने भी निगम की इस पहल का स्वागत करते हुए नियमित रूप से ऐसे अभियान चलाने की मांग की है। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में भी अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



### पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान जोन राजस्व विभाग, बेदखली दस्ता एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम ने पूरे मार्ग का निरीक्षण कर सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए अतिक्रमण को हटाया। निगम अधिकारियों ने बताया कि कई स्थानों पर दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़क तक फैलाकर रखा गया था, जिससे आम नागरिकों एवं वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही थी। वहीं सड़क किनारे लंबे समय से खड़े वाहनों के कारण भी यातायात प्रभावित हो रहा था। अभियान के दौरान ऐसे वाहनों को हटवाकर मार्ग को सुचारू बनाया गया।

### सड़कों, नालियों व फुटपाथों पर कब्जा

निगम आयुक्त पांडेय ने कहा है कि सार्वजनिक सड़कों, नालियों, फुटपाथों एवं शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहर की यातायात व्यवस्था, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने नागरिकों और व्यापारियों से अपील की है कि वे स्वयं आगे आकर अतिक्रमण हटाएं तथा सार्वजनिक स्थलों को अवैध कब्जे से मुक्त रखने में निगम प्रशासन का सहयोग करें।संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी।

12 हजार में मात्र 5 हजार कार्मिक व 25 हजार में से 10 हजार ठेका मजदूरों की कटौती


# भिलाई इस्पात संयंत्र के निजीकरण के लिए मेन पावर पर प्रबंधन कस रहा है शिकंजा

## स्वैच्छिक व अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना की प्रक्रिया के साथ सुविधाएं हो रही बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल के सबसे बड़े प्लांट भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर कम करने के लिए कर्मियों पर चौतरफा शिंकजा कस रहा है। इसके तहत आने वाले समय में मात्र 50 फीसदी कर्मचारी और श्रमिक रखे जाने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रबंधन ने कवायद तेज कर दी है। इससे निजीकरण की ओर बढ़ रहे संयंत्र के कर्मियों में चिंता और असंतोष बढ़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी में तेजी से बदलाव हो रहा है। यूनियनों के मुताबिक सरकार की विनिवेशीकरण की नीति के तहत सार्वजनिक उपक्रमों और केंद्रीय उपक्रमों के निजीकरण का असर बीएसपी पर भी पड़ रहा है। सेल व स्थानीय प्रबंधन ने संयंत्र के निजीकरण के लिए रणनीतिक तैयारी तेज कर दी है। इसके लिए कर्मियों की सुविधाओं और मेन पावर को कम किया जा रहा है। यूनियनों के मुताबिक निजीकरण के लिए कई मोर्चो पर चल रहा है। बीएसपी में आने वाले समय में मात्र पचास प्रतिशत मेन पावर कटौती किए जाने का लक्ष्य दिया गया है। आटोमेशन,आधुनिकीकरण और आर्थिक भार को आधार बनाकर संयंत्र में मात्र 5 हजार नियमित कर्मचारी अधिकारी व सिर्फ दस हजार ठेका मजदूर ही रहेंगे। सरकार के फरमान पर 40 प्रतिशत मजदूरों कटौती की कवायद शुरु हो गई वहीं नियमित कर्मियों को कम करने के लिए विभिन्न स्कीमों, सुविधाओं में कटौती और रणनीतिक तरकीबों पर काम चल रहा है। वर्तमान में यहां 9 हजार कर्मचारी और 2 हजार अधिकारी काम कर रहे हैं। मेन मेन पावर कम करने के लिए वर्ष 2000 की आर्थिक मंदी में बंद सुविधाओं की तरह एक एक कर सुविधाओं में कटौती के साथ प्रतिकूल या अनुकूल परिस्थितियों को निर्मित कर दिए जाने से मजबूर होकर कर्मचारी खुद स्वैच्छिक या मजबूर होकर घर बैठ जाएंगे। और 30 फीसदी आउटसोर्सिंग हो चुके बीएसपी का निजीकरण आसान हो जाएगा। इसके खिलाफ यूनियनों ने एकजुटता से विरोध तेज किए जाने की चेतावनी दी है। संयुक्त यूनियन के मुतताबिक 7 साल बाद भी वेतन समझौता को पूर्ण नहीं किया गया है्र 39 महीने का एरियर्स भी नहीं दिया गया है। लेबर कोड में संशोदन कर यूनियनों के अधिकार व हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है।



### वर्कर्स की मेडिकल व आवासीय सुविधाओं में कमी

बीएसपी में वर्कर्स व मजदूरों की तादाद कम करने के लिए उनकी एक एक सुविधाओं में कटौती व बंद किया जा रहा है। सेल ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजाना (वीआर) को हरी झंडी दे दी है जबकि अनिवार्य सेवानिवृत्ति योजना (सीआर) की तैयारी चल रही है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक दोनों स्कीमों के माध्यम से प्रबंधन को उम्मीद है कि हर माह करीबन डेढ़ सौ कार्मियों के रिटायरमेंट मिलाकर मात्र 4 से 5 हजार मेन पावर का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। ठेका श्रमिकों की भी 40 प्रतिशत कटौती की कवायद जारी है। प्रबंधन ने सेक्टर नौ हास्पिटल का निजीकरण की प्रक्रिया शुरु कर मेडिकल सुविधाओं व 60 साल पुराने आवासों का मेंटेनेंस न कर व नए आवास निर्माण न कर, सब्जेक्ट टू वेकेशन बंद कर आवासीय सुविधाओं आदि में कटौती कर दी है। वहीं सेवानिवृतों की रिटेंशन स्कीम का किराया वृद्धि व इस स्कीम के साथ थर्ड पार्टी तथा लायसेंसी आवासीय योजनाओं को भी बंद कर दिया है।

### मान्यता चुनाव ब्रेक व तबादले

यूनियनों के मुताबिक बीएसपी में बीएसपी में यूनियनों के मांगों के लिए बार्गेनिंग व प्रतिरोध की ताकत को कम करने के लिए मान्यता यूनियन के चुनाव पर अघोषित रुप से ब्रेक लगा दी गई है। चुनाव केंद्रीय सहायक श्रमायुक्त द्वारा किया जाना है लेकिन चुनाव प्रबंधन व संसाधन उपलब्ध कराना बीएसपी की जिम्मेदारी है। मान्यता यूनियन का कार्यकाल खत्म हुए 2 साल बीतने को है पर अब तक चुनाव डिक्लेयर नहीं किया गया है। इस दौरान बीएसपी में ताबड़तोड़ तदादलों के सिलसिला शुर हो गया है। मलाईदार विभागों में सालों से जमे कर्मियों के तबादलों की वजह प्रबंधन में कसावट बताया जा रहा लेकिन एक वजह निजीकरण के लिए वीआर ,सीआर की रणनीति भी बताया जा रहा है। सीटू, इंटक बीएमएस सहित संयुक्त यूनियन ने लेबर कोड, श्रमिकी की कटौती व लंबित वेतन समझौता आदि को लेकर विरोध तेज किए जाने की चेतावनी दी है।

# खुर्सीपार, बापू नगर में स्ट्रीट लाइटें बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के अंतर्गत खुर्सीपार, बापू नगर वार्ड-43 अंबेडकर उद्यान में शाम के वक्त बुजुर्ग मरीजों को अंधेरा होने के कारण टहलने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों के झूला, योगा करने जीम के सामान बैठने के लिए स्टील के टेबल उपलब्ध कराये हैं, लेकिन रोशनी की व्यवस्था नहीं कराई भिलाई क्षेत्र की बहुत सारी लाइटें खराब एवं बंद पड़ी है।

■ निगम की उदासीनता से वार्डवासियों को हो रही परेशानी

शाम होते ही सड़कों पर अंधेरा छा जाता है। जिससे आए दिन एक्सीडेंट भी हो रहा है। विगत दिनों 16 मई को गौरव पथ रोड पर रात को दुर्घटना भी हुई है। जवाहर नगर, ओम शांति चौंक, अडानी एसीसी चौंक, राजीव नगर, छावनी चौंक से तिरंगा चौक, शहीद चुम्मन यादव, स्मारक स्थल ट्रांसपोर्ट नगर जाने वाली सड़क नंदनी रोड़, एसएस हास्पिटल के बाजू वाले इंडस्ट्रियल एरिया जाने वाली सड़क में कई बार राहगीरों से लूटपाट, छिनताई, चोरी की घटनाएँ भी हुई है। इस क्षेत्र की सभी डिवाइडर पोल की स्ट्रीट लाइटें काफी समय से बंद पड़ी है। नंदनी रोड की लाईट कई जगहों में जलती है। कई लाइटें खराब है। कई पोल में लगे लाईटें लटक कर झूल रही है। पर्याप्त रोशनी न होने के कारण पैदल चलने वालों के लिए यह असुरक्षित हो गया। जनहित में शिव सेना मांग करती है कि हर नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए खराब स्ट्रीट लाईटों की मरम्मत या उन्हें बदलने तत्काल कार्रवाई करें। निगम का आयुक्त को ज्ञापन सौंपने वालों में शिव सेना प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव, भिलाई जिला अध्यक्ष राजू गुप्ता, भिलाई सचिव संतोष यादव, राजू गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# चार की अर्थियां एक साथ उठीं, माहौल गमगीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के बैरागढ़-साच पास-किलाड़ मार्ग पर में 29 मई को हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई थी। जिसका शव भिलाई पहुंचने पर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक पति बेंगलुरु के आईटी इंजीनियर अरविंद चंद्राकर, उनकी पत्नी प्राची, दो बेटों दर्श, अक्षद हैं। अरविंद अपनी पत्नी अपने बच्चों के साथ बेंगलुरु में रहते थे, वहीं जॉब कर रहे थे। परिवार अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के बाद घूमने निकला था। मृतकों के शव पांच दिन बाद मंगलवार को चार एम्बुलेंस में रायपुर से ग्राम कुथरेल पहुंचा। शवों के गांव पहुंचते ही मातम पसर गया। भारी संख्या में ग्रामीणों ने अंतिम दर्शन के लिए भीड़ उमड़ पड़ा। दुर्ग राज चंद्राकर समाज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर के मुताबिक 2 जून की दोपहर चारों शव रायपुर एयरपोर्ट से एंबुलेंस के जरिए गांव पहुंचा। गांव के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है, जब एक ही परिवार के चार लोगों की अंतिम यात्रा एक साथ निकली। जिसे देख गांव के लोग भावुक हो गए और पूरा क्षेत्र गमगीन हो गया। अरविंद चंद्राकर के पिता श्यामलाल चंद्राकर बीएसपी से सेवानिवृत्त कर्मी है। अरविंद ने अपनी पढ़ाई भिलाई में पूरी की थी। 20 साल पहले आईटी क्षेत्र में नौकरी मिलने के बाद वे बेंगलुरु में शिफ्ट हो गया था। अरविंद पिछले करीब 20 वर्षों से सिस्को आईटी कंपनी में काम कर रहा था। उनकी शादी को करीब 15 साल हो चुके थे। उनके दो बच्चे थे। अरविंद दो भाइयों में बड़े थे। उनका छोटा भाई रविन्द्र चंद्राकर दल्ली राजहरा में एक नर्सिंग कॉलेज का संचालन करता है।

# महतारी वंदन योजना के दूसरे चरण का इंतजार हजारों महिलाएं अब भी लाभ से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लाखों महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है, लेकिन जिले भर में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं जो किसी न किसी कारणवश योजना के पहले चरण में आवेदन नहीं कर सकीं और अब दूसरे चरण के आवेदन प्रारंभ होने का इंतजार कर रही हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं का कहना है कि योजना की शुरुआत के समय दस्तावेजों की कमी, पात्रता संबंधी तकनीकी कारणों, विवाह के बाद नामांतरण नहीं होने अथवा अन्य प्रशासनिक कारणों से वे आवेदन जमा नहीं कर पाई थीं। वर्तमान में सभी आवश्यक दस्तावेज और पात्रता होने के बावजूद उन्हें नए आवेदन की प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार करना पड़ रहा है। महिलाओं का कहना है कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का उद्देश्य सभी पात्र विवाहित महिलाओं को आर्थिक संबल प्रदान करना है, लेकिन आवेदन प्रक्रिया बंद होने के कारण कई पात्र हितग्राही अब भी लाभ से वंचित हैं। इससे महिलाओं में लगातार यह सवाल उठ रहा है कि आखिर नए आवेदन कब से भरे जाएंगे।

■ नए आवेदन कब होंगे शुरू? ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की महिलाओं ने शासन से की प्रक्रिया जल्द प्रारंभ करने की मांग

**परिवारों में बन रही असमानता की स्थिति:** कई ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी स्थिति देखने को मिल रही है जहां परिवार की सास को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है, जबकि बहू पात्र होने के बावजूद योजना में शामिल नहीं हो सकी है। महिलाओं का कहना है कि इससे परिवारों में असमानता की स्थिति बन रही है और पात्र महिलाओं में निराशा बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के समूह, स्व-सहायता समूहों की सदस्य तथा सामाजिक संगठन लगातार मांग कर रहे हैं कि शासन जल्द ही आवेदन प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू करे ताकि छूटी हुई महिलाओं को भी योजना का लाभ मिल सके। **चुनावी वादे से जुड़ी है योजना:** गौरतलब है कि विधानसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी ने अपने प्रमुख चुनावी वादों में विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की थी। सरकार गठन के बाद महतारी वंदन योजना लागू की गई और बड़ी संख्या में महिलाओं को इसका लाभ मिलने लगा। हालांकि प्रारंभिक चरण में आवेदन से वंचित रह गई महिलाओं के लिए अब तक नए पंजीयन की कोई स्पष्ट घोषणा नहीं होने से उनमें असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### पात्र महिलाएं कर रहीं नए पंजीयन का इंतजार

जिले के गांवों में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं हैं जो योजना लागू होने के बाद विवाह के बंधन में बंधीं या पहले आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा सकीं। अब पात्रता पूरी होने के बावजूद आवेदन प्रक्रिया बंद होने से वे शासन के अगले निर्णय की प्रतीक्षा कर रही हैं। महिलाओं का कहना है कि यदि पुनः आवेदन खोले जाते हैं तो हजारों नई हितग्राहियों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

### आर्थिक संबल देने वाली योजना

महतारी वंदन योजना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना और उन्हें नियमित आर्थिक सहायता प्रदान करना है। हितग्राहियों का मानना है कि योजना का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचना चाहिए ताकि शासन की जनकल्याणकारी मंशा पूरी तरह सफल हो सके।

### शासन से जल्द निर्णय की मांग

महिलाओं एवं सामाजिक संगठनों ने राज्य शासन से मांग की है कि पूर्व में किसी कारणवश आवेदन नहीं कर सकीं तथा वर्तमान में पात्रता पूरी करने वाली महिलाओं के लिए शीघ्र नया पंजीयन प्रारंभ किया जाए। उनका कहना है कि इससे योजना का दायरा बढ़ेगा और अधिक से अधिक महिलाओं को आर्थिक सहायता का लाभ मिल सकेगा।

266 मांगों और 150 शिकायतों को समापन शिविर में लोगों ने रखा

# सुशासन शिविर में 416 समस्याओं को लेकर लोगों ने किए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत सुशासन तिहार 2026 के समापन अवसर पर खुर्सीपार स्थित श्रीराम चौक में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 416 आवेदन आए। जिसमें 266 मांग से संबधित और 150 शिकायत संबंधी थे।

क्षेत्रीय नागरिकों ने पहुंचकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं, नागरिक सुविधाओं एवं विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। पूरे दिन चले इस शिविर में लोगों ने अपनी समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

### शासकीय योजनाओं की दी जानकारी


शिविर में नगर निगम, राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। नागरिकों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर के माध्यम से आमजन को शासकीय सेवाएं उनके घर के समीप उपलब्ध कराई गईं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। इस अवसर पर निगम अधिकारियों ने बताया कि सुशासन तिहार का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित कर लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से परीक्षण कर समय-सीमा के भीतर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से आम लोगों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिलता है और समाधान की प्रक्रिया अधिक सरल एवं प्रभावी बनती है।



### स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

शिविर में स्वास्थ्य संबंधी परामर्श, स्वच्छता जागरूकता, कर संबंधी जानकारी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, विभिन्न प्रमाण.पत्रों की जानकारी तथा अन्य नागरिक सुविधाओं से संबंधित सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। बड़ी संख्या में महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं युवाओं ने शिविर में भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक आवेदन प्रस्तुत किए। समापन शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के नागरिकों में उत्साह देखा गया।

# 12 साल बेमिसाल, होंगे 12 कार्यक्रम, कार्यशाला आज



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा 5 से 23 जून तक जिला एवं मंडल स्तर पर विभिन्न संगठनात्मक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में पार्टी द्वारा 12 प्रमुख कार्यक्रमों की रूपरेखा जारी की गई है, जिनके सफल संचालन हेतु कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की भूमिका सुनिश्चित की जा रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष पुरषोत्तम देवांगन ने उपरोक्त कार्यक्रम हेतु चन्ना केश्वालू को कार्यक्रम का जिला संयोजक, त्रिलोचन सिंह जिला सह संयोजक , जिला सदस्य विनोद सिंह एवं पारस जंघेल को नियुक्त किया है। निर्धारित कार्यक्रमों में विश्व पर्यावरण दिवस एवं वृक्षारोपण, मीडिया संवाद, विशेष जनसंपर्क अभियान, जन कल्याण शिविर, सभागार बैठकें, प्राकृतिक खेती कार्यशालाएं, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, स्वच्छता अभियान, प्रगति पदयात्रा, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन तथा बलिदान दिवस (स्वर्गीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी) सहित विभिन्न गतिविधियां प्रमुख रूप से आयोजित की जाएंगी। 3 जून को जिला कार्यालय प्रियदर्शिनी परिसर सुपेला में जिला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला में सांसद, विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदास्य, मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारियों/ कार्यसमिति, जिला मोर्चा के अध्यक्ष, महामंत्री एवं प्रकोष्ठ के संयोजक, सह संयोजक सहित अन्य मौजूद रहेंगे।

बरसात से पहले नगर पालिका ने कसी कमर, सफाई अभियान जारी

# नगर की साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नपाध्यक्ष ने दिए कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए शहर में बरसात पूर्व नाला-नालियों की साफ-सफाई किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष बरसात के दौरान जलभराव की समस्या को रोकने के लिए पूर्व तैयारी के रूप में नाला-नालियों की सफाई कार्य कराया जाता है इस वर्ष भी शहर के सभी प्रमुख नालों, नालियों की सफाई का कार्य समयबद्ध तरीके से कराया जा रहा है।

सफाई के दौरान निकाले जा रहे कचरे को तत्काल उठाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। ताकि लोगों को समस्याओं का सामना करना ना पड़े। बारिश का पानी बिना किसी रुकावट के नालों के माध्यम से बाहर निकल सके तथा सड़कों, गलियों एवं अन्य रिहायशी क्षेत्रों में बरसात के पानी का भराव न हो। इसके लिए सफाई कार्यों की नियमित निगरानी भी की जा रही है।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने सफाई अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि प्रतिदिन वार्ड एवं शहर के प्रमुख मार्गों के नालियों की सफाई करें ताकि लोगों को बरसात के समय बरसाती पानी से परेशानियों का सामना करना ना पड़ें। साफ-सफाई में लापरवाही किसी तरह से ना करे। वार्ड के नागरिकों, शहर के प्रमुख स्थानों पर साफ-सफाई के दौरान लोगों से चर्चा कर सहयोग लें। ताकि सफाई कार्य सुनियोजित ढंग से हो सके। साफ-सफाई के दौरान नालियों के ऊपर बने चबुतरा को हटाया जाकर सफाई करें। नालियों के ऊपर स्लैब को हटाये जाने हेतु निर्देशित किया एवं नाली के ऊपर चबुतरा निर्माण किये जाने वाले के खिलाफ कार्यवाही करने भी निर्देशित किया।

**नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ने की अपील**



नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कवर्धा शहर के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ एवं जलभराव मुक्त बनाए रखने मे लिए सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने लोगों से नालियों एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा, प्लास्टिक एवं अन्य सामग्री सड़क पर नहीं फेंकने का निवेदन किया। नगर पालिका परिषद कवर्धा शहरवासियों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा वर्षाऋतु के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए लगातार कार्य कर रही है।

# श्री राम नाम संकीर्तन, श्री हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन आयोजित



- साप्ताहिक धार्मिक प्रकल्प, हिंदू राष्ट्र अभियान की दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

आदित्य वाहिनी इकाई पिपरिया के तत्वाधान में नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड क्रमांक 06 स्थित पूर्णेन्द्र शर्मा के निज निवास में श्री राम नाम संकीर्तन, श्री हनुमान चालीसा पाठ एवं भजन-कीर्तन का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर भगवान श्री राम एवं हनुमानजी के जयकारों के साथ भक्ति भाव का परिचय दिया।

कार्यक्रम का आयोजन जगद्गुरु पुरीपीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज द्वारा संचालित हिंदू राष्ट्र अभियान के अंतर्गत संचालित साप्ताहिक प्रकल्प के रूप में किया गया। इस दौरान उपस्थित वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण में धर्म, संस्कृति और संस्कारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए समाज को सनातन मूल्यों से जोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में नंदकुमार शर्मा, आशुतोष शर्मा, पूर्णेन्द्र शर्मा एवं शुभांक शर्मा ने गौ-संरक्षण, भारतीय संस्कृति के संवर्धन तथा हिंदू राष्ट्र की अवधारणा पर अपने विचार रखे।

वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र के सांस्कृतिक उत्थान और सामाजिक समरसता के लिए सनातन परंपराओं एवं मानबिंदुओं से जुड़ना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ एवं राम नाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में अभिजीत केशरवानी, सीआर साहू, देवेन्द्र शर्मा, आलोक, लोमश, जितेंद्र, कैलाश, पंकज, सत्यनारायण, नूतन, कार्तिक, सनत, संदीप दानी, चित्रबाहू देवांगन सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थें। आयोजकों ने आगामी सप्ताहों में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने की बात कही।

## शॉर्ट सर्किट से पैरावट में लगी भीषण आग, पैरावट जलकर खाक

**कवर्धा।** नपं इंदौरी के वार्ड क्रमांक-2 में मंगलवार को एक बड़ी दुर्घटना टल गई। प्रकाश चंद्रवंशी के घर के सामने रखे पैरावट में शॉर्ट सर्किट की वजह से अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और कुछ ही मिनटों में पूरे पैरावट को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। स्थानीय नागरिकों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ग्रामीणों और आसपास के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सूखे पैरे में आग तेजी से फैलने के कारण उसे नियंत्रित नहीं किया जा सका। वहीं पैरावट जलकर खाक हो गई, हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

**खबर संक्षेप**

## कृषक उन्नति योजना से खेती को मिली नई रफ्तार

**कवर्धा।** राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का सकारात्मक प्रभाव अब ग्रामीण क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और कृषि को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से संचालित कृषक उन्नति योजना कई किसानों के लिए बदलाव का माध्यम बन रही है। कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम ज्ञानपुर के किसान धर्मेंद्र चंद्राकर ने योजना से प्राप्त एकमुश्त राशि का लाभ लेकर नया ट्रैक्टर खरीदा है, जिससे उनकी खेती अब अधिक आधुनिक और सुविधाजनक हो गई है। किसान धर्मेंद्र चंद्राकर के पास लगभग 8 एकड़ कृषि भूमि है, जिसमें वे मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। पिछले खरीफ सीजन में उन्होंने 147 क्विंटल धान का विक्रय किया। धान बेचने के बाद उन्हें समर्थन मूल्य की राशि सीधे उनके खाते में प्राप्त हुई। इसके साथ ही कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर की एकमुश्त राशि 1 लाख 8 हजार रुपए भी मिली। धर्मेंद्र बताते हैं कि पहले खेती में लागत अधिक और संसाधन सीमित होने के कारण कई योजनाएं केवल सोच तक सीमित रह जाती थीं। लेकिन कृषक उन्नति योजना से मिली अतिरिक्त आर्थिक सहयोग ने किसानों को आगे बढ़ने का अवसर दिया है।

# गन्ने की फसल देखकर खिले किसानों के चेहरे



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव, कुण्डा, दामापुर, भगतपुर और मोहगांव क्षेत्र में इन दिनों खेतों में गन्ने की लहलहाती फसल किसानों के चेहरे पर खुशी ला रही है। किसानों का कहना है कि गन्ने की खेती आसान नहीं है।

गर्मी के चार महीनों में फसल को बचाने के लिए लगातार सिंचाई, खाद और कीट नियंत्रण पर विशेष ध्यान देना पड़ता है। किसानों ने बताया कि भीषण गर्मी के दौरान गन्ने को पर्याप्त पानी देना पड़ता है, साथ ही समय-समय पर खाद एवं दवाइयों का उपयोग करना आवश्यक होता है। कड़ी मेहनत और देखभाल के बाद पौधे मजबूत होते हैं और अच्छी बढ़वार प्राप्त करते हैं। यही कारण है कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में किसान गन्ने की खेती को प्राथमिकता दे रहे हैं।

किसानों के अनुसार यदि शुरुआती चार माह की कठिन अवधि में फसल सुरक्षित रह जाए तो अच्छी पैदावार की संभावना बढ़ जाती है। वर्तमान में खेतों में गन्ने की फसल लहलहा रही है, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन और आय की उम्मीद है। किसानों का मानना है कि मेहनत और उचित प्रबंधन से प्रति एकड़ लगभग एक लाख रुपए तक की आय प्राप्त की जा सकती है। यही वजह है कि क्षेत्र में गन्ने की खेती किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है।

# एक लाइनमैन के भरोसे 86 सौ उपभोक्ता 48 गांवों में बिजली सप्लाई व्यवस्था चरमराई

### स्टाफ की कमी से किसान व ग्रामीण परेशान, लोगों में विभाग के प्रति बढ़ती जा रही नाराजगी




हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के मरका वितरण केंद्र में कर्मचारियों की भारी कमी के कारण क्षेत्र की बिजली व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। स्थिति यह है कि 48 गांवों और करीब 8600 बिजली उपभोक्ताओं की जिम्मेदारी केवल एक लाइनमैन के भरोसे चल रही है। इससे बिजली संबंधी शिकायतों का समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है और किसानों सहित आम उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

क्षेत्र के किसानों का कहना है कि ट्रांसफार्मर जलने, बिजली तार टूटने, डीपी खराब होने, आंधी-तूफान में पोल क्षतिग्रस्त होने जैसी समस्याएं लगातार सामने आती रहती हैं। स्टाफ की कमी के कारण इन शिकायतों का समाधान कई दिनों तक नहीं हो पाता। कई बार गांवों में एक सप्ताह तक बिजली आपूर्ति बाधित रहती है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित होता है और किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है।

ग्रामीणों के अनुसार कई गांवों में 24 घंटे से अधिक समय तक बिजली बंद रहने की स्थिति बन जाती है। इससे न केवल खेती-किसानी प्रभावित होती है, बल्कि घरेलू उपभोक्ताओं को भी अंधेरे में रात बिताने के लिए मजबूर होना पड़ता है। गर्मी के मौसम में बिजली कटौती से लोगों की परेशानी और बढ़ जाती है। बिजली समस्या की शिकायत लेकर जब किसान और उपभोक्ता विभागीय कार्यालय पहुंचते हैं तो उन्हें अक्सर एक ही जवाब मिलता है कि पूरे क्षेत्र में केवल एक लाइनमैन कार्यरत है और वह हर जगह एक साथ नहीं पहुंच सकता। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### अब तक कोई ठोस पहल नहीं

भारतीय किसान संघ ने भी इस गंभीर समस्या को लेकर चिंता जताई है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कई बार बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्षेत्रीय विधायक, सांसद और संबंधित अधिकारियों की ओर से भी समस्या के समाधान के लिए अपेक्षित प्रयास नहीं किए गए हैं। पर्याप्त तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से बिजली व्यवस्था लगातार प्रभावित हो रही है और इसका सबसे अधिक नुकसान किसानों को उठाना पड़ रहा है। सिंचाई के लिए समय पर बिजली नहीं मिलने से फसलों की उत्पादकता पर भी असर पड़ रहा है।

### उग्र आंदोलन की दी चेतावनी

भारतीय किसान संघ ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर मरका वितरण केंद्र में आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति नहीं की गई और बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। संघ ने कहा कि ऐसी स्थिति में उत्पन्न होने वाली किसी भी कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन और बिजली विभाग की होगी। क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों ने भी शासन से जल्द से जल्द अतिरिक्त लाइनमैन और तकनीकी कर्मचारियों की नियुक्ति कर बिजली व्यवस्था को सुचारु बनाने की मांग की है।

पेज 9 का शेष

## हरी सब्जी गाड़ियों की ...

बुरी तरह से फंस गया। प्राणघातक चोटों से उसकी घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

**काफी मशक्कत के बाद निकला शव:** बुरी तरह से पचक गई गाड़ी से विवेक शुक्ला, मनीष शुक्ला एनएचआई स्टाफ पुलिस 112 की टीम थाना नांदघाट से निरीक्षक लेखराम ठाकुर, प्रधान आरक्षक रविंद्र तिवारी, आरक्षक मिथुन चंद्रवंशी, प्रताप यादव, लालचंद भारती ने बड़ी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त पिकअप से शुभम का छतविक्षत शव निकाला। एंबुलेंस से घायल भागवत को सिमगा अस्पताल पहुंचाया। लेकिन कच्चे माल हरी सब्जी गाड़ियों के टायमिंग का दबाव इनाम का लालच हमारे घर के चूल्हे के लिए न जाने कितने घरों के चिराग सड़क पर बुझे और बुझेंगे इस अनुत्तरित प्रश्न पर किसी के पास कोई भी जवाब या उपाय तो फिलहाल नहीं है।

## आज प्री-डीएलएड ...

लाइसेंस अथवा पैन कार्ड साथ लाना होगा। मूल पहचान पत्र के बिना परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। **9:30 बजे बंद हो जाएगा मुख्य द्वार:** व्यापम के निर्देशानुसार परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पहले, यानी सुबह 9:30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। **ड्रेस कोड का पालन जरूरी:** परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा केंद्र में आने की अनुमति होगी। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी तथा गहरे चॉकलेटी रंग के वस्त्र प्रतिबंधित रहेंगे। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण पहनना भी वर्जित रहेगा।

**इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह प्रतिबंधित:** परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, ब्लूटूथ डिवाइस, पर्स, बेल्ट, टोपी तथा अन्य संचार उपकरण ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा के प्रथम और अंतिम आधे घंटे में किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। धार्मिक या सांस्कृतिक परिधान पहनकर आने वाले परीक्षार्थियों को अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। ऐसे परीक्षार्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि जांच प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके।

## समितियों में ...

द्वारा की जा रही है। किसानों की मांग के अनुसार आरओ जारी कर जिला विपणन अधिकारी के समन्वय से खाद का भंडारण कराया जा रहा है, ताकि किसी भी समिति में खाद की कमी की स्थिति निर्मित न हो। बैंक के अनुसार वर्तमान में खाद, बीज के अग्रिम उठाव एवं ऋण वितरण की व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है तथा किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ रहा है। **बेमेतरा जिले में सर्वाधिक खाद भंडारित:** बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार 1 अप्रैल 2026 से अब तक बेमेतरा जिले की समितियों में 38,606 टन रासायनिक खाद का भंडारण किया गया है। इनमें से 21,112 टन खाद का वितरण किसानों को किया जा चुका है, जबकि 17,494 टन खाद का स्टॉक शेष है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ने दावा किया है कि समितियों में यूरिया, डीएपी, सुपर फॉस्फेट, विभिन्न ग्रेड के एनपीके तथा पोटाश उर्वरकों का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और खरीफ सीजन के दौरान किसानों की आवश्यकता के अनुरूप लगातार आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

## उर्स के संदल जुलूस ...

पुलिस ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत लागू ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों तथा कोलाहल संबंधी प्रावधानों के तहत वाहन चालकों जय निषाद (दुर्ग), रामजी ठाकुर (दुर्ग) और जितेंद्र बंछारे (नागपुर) के विरुद्ध कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया।

**कार्रवाई के विरोध में देर रात तक प्रदर्शन:** कार्रवाई की खबर फैलते ही नगर में आक्रोश का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बड़ी संख्या में युवक रात करीब 2 बजे थाने के सामने एकत्र हुए और शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित आसपास के थानों से भी पुलिस बल बुलाया गया। उर्स कमेटी के पदाधिकारियों और पुलिस प्रशासन के बीच रात में दो दौर की चर्चा हुई, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। अचानक हुई कार्रवाई के कारण चादरपोशी और संदल कार्यक्रम प्रभावित होने की बात भी सामने आई, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी गई। हालांकि कव्वाली कार्यक्रम निर्धारित समय पर जारी रहा।

# पीएम गतिशक्ति पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विभागीय अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उद्योग विभाग रायपुर से पहुंचे विशेषज्ञ अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पीएम गतिशक्ति पोर्टल की कार्यप्रणाली, उपयोगिता और इसके व्यावहारिक लाभों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इसका मुख्य उद्देश्य देश में लॉजिस्टिक्स लागत को कम करना और परिवहन के विभिन्न साधनों-सड़क, रेल, हवाई मार्ग और जलमार्ग को आपस में जोड़कर बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाना है।

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल, एडीएम विनय पोयाम सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थें। कार्यशाला में उद्योग विभाग रायपुर की सहायक संचालक सुश्री कुमुद मिश्रा व वरिष्ठ सलाहकार जीआईएस सुश्री प्रिया ने बताया कि पीएम गतिशक्ति पोर्टल केंद्र एवं राज्य शासन की विभिन्न आधारभूत संरचना परियोजनाओं को एकीकृत मंच पर लाकर योजनाओं के बेहतर समन्वय और समयबद्ध क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से सड़क, रेल, जल, ऊर्जा, दूरसंचार, औद्योगिक विकास सहित विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की जानकारी एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो जाती है।

## बीए प्रथम सेमेस्टर का परिणाम 54.33 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

दुर्ग विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार बीए प्रथम सेमेस्टर का ओवरऑल परीक्षा परिणाम 54.33 प्रतिशत रहा, जबकि बीए तृतीय सेमेस्टर का परिणाम 69.63 प्रतिशत दर्ज किया गया। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थी अपने अंक एवं विस्तृत परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर देख सकते हैं। परिणाम घोषित होने से विद्यार्थियों में उत्साह है और वे अपने आगामी शैक्षणिक सत्र की तैयारी में जुट गए हैं।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पोंडिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सुशासन तिहार से जनता को मिल रहा त्वरित समाधान : आशीष



**नवागढ़।** भाजपा सोशल मीडिया अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश सह प्रभारी आशीष जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में आयोजित सुशासन तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे जनता तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को भी सरकारी योजनाओं का लाभ सरलता और पारदर्शिता के साथ मिल रहा है। प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण से आमजन का सरकार पर विश्वास मजबूत हुआ है। श्री जैन ने प्रदेशवासियों से सुशासन तिहार में सक्रिय भागीदारी कर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

### किसान कांग्रेस में बेनू, अशोक और रविकांत संभालेंगे दुर्ग की कमान

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने सांगठनिक मजबूती और बूथ स्तर तक संगठन को विस्तार देने के लिए दुर्ग संभाग के सभी जिलों में जिला प्रभारियों की अस्थाई नियुक्तियां की है। दुर्ग जिले के लिए तीन वरिष्ठ नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, राष्ट्रीय संगठन प्रभारी अखिलेश शुक्ला और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की सहमति से प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा की अनुशंसा पर यह सूची जारी की गई है। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री (संगठन) अकील हुसैन द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार दुर्ग व भिलाई जिला के सांगठनिक विस्तार के लिए बेनू साहू, अशोक चन्द्राकर और रविकांत बेस को प्रभारी नियुक्त किया गया है। दुर्ग संभाग के अंतर्गत होने वाले सभी सांगठनिक कार्यक्रम वरिष्ठ नेताओं की देखरेख में संपन्न होंगे।

### डोनर नहीं होने पर सिकलिंग पीड़ित युवती को नहीं चढ़ाया ब्लड, मौत

**भिलाई।** जिला अस्पताल में 22 वर्षीय सिकलिंग पीड़ित युवती की जान इसलिए चली गई कि उनके परिजनों को एक्चेंज ब्लड डोनर नहीं मिला। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग सिकलिंग मरीजों को निःशुल्क ब्लड मुहैया करवाती है लेकिन जिला अस्पताल में परिजनों को कहा गया कि डोनर लाओ तभी ब्लड देंगे। तीन दिन तक भर्ती इस युवती को ब्लड नहीं चढ़ाया गया। केवल सलाइन चढ़ाए। आखिरकार सोमवार को इस युवती ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने डॉक्टरों व स्टॉफ की लापरवाही का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत कलेक्टर से भी की गई है। इस घटना से परिजनों व मुहल्लेवासियों में आक्रोश की स्थिति है।

**शिविर : जनता पहुंची, आवेदन पहुंचे... पर समाधान करने वाले अधिकारी नहीं पहुंचे!**

# सुशासन शिविर में आवेदनः शराब दुकानों से कथित रूप से कोचियों को न दें मदिरा, राशन दुकानों की तर्ज पर कराएं वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़



शासन के सुशासन त्यौहार के तहत मंगलवार को नगर पंचायत नवागढ़ में आयोजित समाधान शिविर में जनता ने तो पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन कई विभागों के अधिकारी शायद यह मानकर बैठे थे कि सुशासन उनके बिना भी चल जाएगा। नतीजा यह रहा कि शिविर में लगे कई विभागीय स्टॉलों पर कुर्सियां और बैनर तो मौजूद थे, लेकिन समाधान करने वाले जिम्मेदार चेहरे नजर नहीं आए।

■ समाधान शिविर में दस वार्डों से पहुंचा समस्याओं का अंबार

वार्ड क्रमांक 1 से 5 एवं 11 से 15 तक के नागरिक बड़ी संख्या में अपनी समस्याएं, शिकायतें और मांगें लेकर पहुंचे। लोगों ने उम्मीद जताई कि वर्षों से चली आ रही परेशानियों का समाधान मिलेगा, लेकिन कई मामलों में आवेदन जमा कराने के अलावा कोई दूसरा विकल्प दिखाई नहीं दिया। शिविर में सबसे अधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, वृद्धावस्था पेंशन और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित रहे। कई हितग्राहियों ने बताया कि पात्र होने के बावजूद उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, जबकि कुछ ने लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण की मांग की।

**नाले की सफाई से लेकर तालाब बचाने तक की गुहारः** नगरवासियों ने नगर के बीचों-बीच बहने वाले छोईहा एवं मोहरेंगा नाला की सफाई को लेकर चिंता जताई। बरसात सिर पर है और नालों की स्थिति देखकर लोगों को डर है कि कहीं पानी से पहले परेशानियां न बहने लगें। इसी तरह नगर के ऐतिहासिक और प्रमुख मानाबंद तालाब में फैली जलकुंभी को हटाने की मांग भी प्रमुखता से उठी। लोगों का कहना है कि तालाब में अब पानी कम और जलकुंभी ज्यादा दिखाई देती है। यदि समय रहते सफाई नहीं हुई तो तालाब का अस्तित्व ही खतरे में आ सकता है।

### गौरवपथ में गौरव से ज्यादा धैर्य की परीक्षा

महिलाओं ने बस स्टैंड में महिला प्रसाधन की आवश्यकता बताई। वहीं नगरवासियों ने बस स्टैंड से रेस्ट हाउस चौक तक गौरव पथ के डामरीकरण की मांग रखी। लोगों का कहना था कि सड़क का नाम गौरवपथ जरूर है, लेकिन उसकी हालत देखकर गौरव से ज्यादा धैर्य की परीक्षा होती है।

### और फिर आया सबसे चर्चित आवेदन... लोग मुस्कराए

शिविर में सैकड़ों आवेदनों के बीच एक आवेदन ऐसा भी आया जिसने लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। वार्ड क्रमांक 05 निवासी जित्ते रजक ने सरकारी शराब दुकान से कथित रूप से कोचियों को होने वाली अवैध शराब आपूर्ति का मुद्दा उठाते हुए सुझाव दिया कि शराब का वितरण भी राशन दुकानों की तर्ज पर किया जाए। आवेदन पढ़ते ही आसपास खड़े लोगों में चर्चा शुरू हो गई। कुछ लोग इसे व्यावहारिक सुझाव बता रहे थे तो कुछ इसे शिविर का सबसे अनोखा आवेदन मान रहे थे। कुल मिलाकर यह आवेदन दिनभर चर्चा का केंद्र बना रहा।

### अध्यक्ष ने जताई नाराजगी, कहा- जनता आई तो अधिकारी क्यों नहीं?

नगर पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत चौहान ने शिविर में कई विभागीय अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा जनता की समस्याओं का मौके पर समाधान करने की है, लेकिन जब जिम्मेदार अधिकारी ही उपस्थित नहीं होंगे तो लोगों को निराशा होना स्वाभाविक है।

### सुशासन का असली इम्तिहान अब शुरू

शिविर में जनता ने अपनी जिम्मेदारी निभा दी। आवेदन भी जमा हो गए, समस्याएं भी दर्ज हो गईं और सुझाव भी मिल गए। अब बारी प्रशासन की है। नगरवासियों की नजर इस बात पर है कि इन आवेदनों का सफर फाइलों से निकलकर धरातल तक पहुंचता है या फिर अगले सुशासन शिविर में वही समस्याएं नए आवेदन के साथ दिखाई देंगी। फिलहाल नवागढ़ के इस शिविर ने यह जरूर साबित कर दिया कि जनता अपनी बात कहने के लिए तैयार है, बस उसे सुनने और समाधान करने वाले भी उतनी ही तत्परता से मौजूद रहें।

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के प्रभावी क्रियान्वयन पर जपं में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जनपद पंचायत बेमेतरा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक कॉर्डिनेटर, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्राम पंचायतों के सचिव शामिल हुए। इस दौरान सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के शत-प्रतिशत पालन पर विशेष बल देते हुए सभी ग्राम पंचायतों में स्वच्छता गतिविधियों को नियमित रूप से संचालित करने के निर्देश दिए गए।

■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के पालन और स्वच्छ ग्रामीण परिवेश निर्माण पर जोर

बैठक में घर-घर से नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने तथा ग्रामीणों को स्रोत स्तर पर ही कचरे का पृथक्करण करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने से कचरे की छंटाई और निस्तारण की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी हो सकेगी।

### दुकानदारों के लिए डस्टबिन रखना अनिवार्य

नए नियमों के तहत सभी दुकानों में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया गया है, ताकि सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलने से रोका जा सके। बैठक में बताया गया कि हरे रंग के डस्टबिन में गीला कचरा, नीले डस्टबिन में सूखा कचरा तथा लाल डस्टबिन में सेनेटरी नेपकिन एवं अन्य जैविक अपशिष्ट रखा जाएगा। वहीं ई-वेस्ट, बैटरियां एवं एक्सपायरी दवाइयों को अलग से सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए गए।

### गांवों में कहीं भी कचरे का ढेर नहीं दिखना चाहिए

अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी ग्राम पंचायत क्षेत्र में खुले में कचरे का ढेर दिखाई नहीं देना चाहिए। मिश्रित कचरा देने वाले परिवारों को समझाइश देकर उन्हें कचरा पृथक्करण के लिए प्रेरित करने तथा स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया।

### संपर्क जानकारी पंचायत भवनों में होगी प्रदर्शित

बैठक में ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया कि पंचायत भवनों में आवश्यक मोबाइल नंबर एवं अन्य संपर्क जानकारी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित की जाए, ताकि ग्रामीण आवश्यक सेवाओं एवं शिकायतों के लिए आसानी से संपर्क कर सकें। इसके साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक स्वच्छता एवं जन-जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों की सफलता जनभागीदारी पर निर्भर है। सामूहिक सहयोग और जनसहभागिता से ही स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल ग्रामीण परिवेश का निर्माण संभव हो सकेगा।

### सफाई कामगार से मारपीट, थाने में प्रदर्शन, आरोपी ने स्वीकारी गलती

**भिलाई।** कुम्हारी के वार्ड 12 में शासकीय कर्तव्य पर तैनात सफाई कामगार संजय बंजारे के साथ हुई अभद्र व्यवहार, मारपीट और जातिसूचक शब्दों के प्रयोग के मामले में नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन ने विरोध दर्ज कराया। घटना के बाद आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने और उग्र आंदोलन किया गया। इस मामले में पीड़ित पक्ष को एफआईआर नहीं कराने की धमकी दी जा रही थी। यूनियन ने साफ कर दिया कि धमकी और माफी साथ-साथ नहीं चल सकती। यूनियन किसी भी रसूखदार, नेता या गुंडे की धमकी से डरने वाली नहीं है। थाने के बाहर विरोध दर्ज कराया गया।

# उर्स पर क्षेत्रवासियों ने रातभर उठाया कव्वाली का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया



एकता उर्स पाक कमेटी के तत्वावधान में आयोजित हजरत निजामुद्दीन औलिया का दो दिवसीय 16वां उर्स पाक विभिन्न धार्मिक आयोजनों के साथ मंगलवार को संपन्न हो गया। उर्स के दौरान क्षेत्र सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं जायरीन पहुंचे और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर आस्था प्रकट की। उर्स के प्रथम दिन 1 जून को कमेटी की ओर से पारंपरिक चादर एवं संदल जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। बाद में चादर को हजरत निजामुद्दीन औलिया की मजार पर पेश किया गया। धार्मिक रस्मों के बीच पूरे क्षेत्र में श्रद्धा और भाईचारे का वातावरण देखने को मिला। उर्स के दूसरे दिन 2 जून की रात उत्तरप्रदेश के बदायूं से आए प्रसिद्ध कव्वाल जुनैद सुल्तानी एवं उनकी टीम द्वारा भव्य कव्वाली कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में गजल, मनकबत, कलाम, नात तथा शेरो-शायरी की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। कव्वाली सुनने के लिए 10 हजार से अधिक लोगों की भीड़ उमड़ी, जिन्होंने रातभर सूफियाना कलाम का भरपूर आनंद लिया।

■ हजरत निजामुद्दीन औलिया के 16वें उर्स पाक में उमड़े हजारों श्रद्धालु

कार्यक्रम से पूर्व एकता उर्स पाक कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने कव्वाल जुनैद सुल्तानी तथा अन्य अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। उर्स में प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं शहरों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। शाम होते ही कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं और श्रोताओं की भीड़ जुटनी शुरू हो गई थी। इस वर्ष अपेक्षा से अधिक भीड़ पहुंचने के कारण कुछ समय के लिए आवागमन प्रभावित रहा। यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी चंद्रदेव वर्मा के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस एवं प्रशासन की सतर्क व्यवस्था के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# ग्रामीण स्वच्छता को अब मिलेगा नया आयाम ढोलिया में हफिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट शुरू

हरिभूमि न्यूजःबेमेतरा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुरक्षा को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने ग्राम पंचायत ढोलिया में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) की शुरुआत की है। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत स्थापित यह आधुनिक संयंत्र सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले अपशिष्ट के सुरक्षित संग्रहण, परिवहन एवं वैज्ञानिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराएगा। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य को भी लाभ पहुंचेगा। जिला पंचायत में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, स्वच्छ भारत मिशन के समन्वयकों तथा ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिवों को निर्देशित किया कि फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की जानकारी प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक पहुंचाई जाए। इसके लिए पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों तथा प्रमुख चौक-चौराहों में दीवार लेखन के माध्यम से सेवा संबंधी जानकारी और संपर्क नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे।

■ अब वैज्ञानिक तरीके से होगी सेप्टिक टैंकों की सफाई, मात्र 1700 रुपये में मिलेगी सुरक्षित सेवा



### मुनादी और घर-घर संपर्क से होगा प्रचार

ग्रामीणों को स्वच्छता प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए कोटवारों के माध्यम से गांवों में मुनादी कराई जाएगी। वहीं स्वच्छता समूहों की महिलाएं घर-घर जाकर लोगों को सेप्टिक टैंकों की नियमित सफाई के महत्व और इसके स्वास्थ्य संबंधी लाभों की जानकारी देंगी।

### हर 3 से 4 वर्ष में जरूरी है सफाई

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के दिशा-निर्देशों के अनुसार प्रत्येक परिवार को अपने सेप्टिक टैंक की तीन से चार वर्ष के अंतराल में नियमित सफाई करानी चाहिए। इससे गंदगी के फैलाव पर नियंत्रण के साथ जल स्त्रोतों के प्रदूषण को रोका जा सकेगा और संक्रामक बीमारियों की संभावना भी कम होगी।

### न्यूनतम शुल्क पर मिलेगी सुविधा

इस व्यवस्था के तहत ग्रामीण परिवार मात्र 1700 रुपये के न्यूनतम शुल्क पर अपने सेप्टिक टैंक की सुरक्षित एवं वैज्ञानिक सफाई करा सकेंगे। प्रशिक्षित कर्मियों द्वारा अपशिष्ट का संग्रहण कर उसे ढोलिया स्थित फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचाया जाएगा, जहां उसका पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप उपचार किया जाएगा। प्रशासन ने नागरिकों से इस सुविधा का अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की है। प्रशासन का मानना है कि सुरक्षित स्वच्छता प्रबंधन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामुदायिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा विषय है। ढोलिया में स्थापित यह प्लांट ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा और स्वच्छ, स्वस्थ तथा सतत विकास के लक्ष्य को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगा।